मोरछड़ी | by Sanjeev Sharma

हीरे जवाहरात मोती जड़ी
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी
करे करामात ये तो बड़ी
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी

खाटू धणी की लाड़ली दुलारी
मोरपंख से श्याम ने सँवारी
रहे चरणों में हर दम खड़ी
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी

मोरछड़ी का लग जाए झाड़ा
बुरी नज़र को मार पछाड़ा
टाल दे विपदा की हर घडी
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी

मोरछड़ी जिसको भी छू ले
कष्ट कलेश सभी वो भूले
सारी दुविधाएं उसकी झड़ी
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी

मोरछड़ी बबलू को प्यारी
पूरी करे जो बात विचारी
करने रक्षा सरल की खड़ी
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%9b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-by-sanjeev-sharma/